भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
(प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग)
***

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 380
(24.07.2024 को उत्तर के लिए)

'इंटरैक्ट विद पीएम पहल' पोर्टल

380. श्री के. सुधाकरन:

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम इंडिया पोर्टल की 'इंटरैक्ट विद पीएम' पहल से वर्ष-वार कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) प्रधान मंत्री कार्यालय के सीधे हस्तक्षेप के बाद वर्ष-वार कुल कितनी शिकायतों को निपटाया गया;

(ग) लंबित शिकायतों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और

(घ) शिकायतों के लंबित होने की दर का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय एवं राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय
(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ): केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित लोक शिकायतों को प्राप्त करने के लिए पीएमओ पी जी पोर्टल https://www.pmindia.gov.in एक केन्द्रीकृत पोर्टल है। पीएमओ पी जी पोर्टल पर की गई किसी शिकायत के निपटान की स्थिति का, विशिष्ट पंजीकरण पहचान संख्या, जो शिकायत दर्ज करने के समय उपलब्ध कराई जाती है, की सहायता से पता लगाया जा सकता है। प्राप्त शिकायतों का निवारण, संबंधित मंत्रालयों/विभागों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विकेंद्रीकृत रूप से किया जाता है। अधिकांश शिकायतों का निवारण, 30 दिन से कम समय में कर दिया जाता है। इस पोर्टल के माध्यम से, केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित पिछले 5 वर्ष (30.06 .2024 तक) के दौरान प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा **अनुबंध-I** पर है।

****

अनुबंध-I

लोक सभा के दिनांक 24.07.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 380 के उत्तर में अनुबंध-I

पी. एम. इंडिया पोर्टल पर इंटरैक्ट विद पी एम पहल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की स्थिति- **केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों के संबंध में**

वर्ष	अग्रेणीत शिकायतें	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतें	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतें	वर्ष की समाप्ति पर लंबित शिकायतें
2019	31031	461780	451823	40988
2020	40988	729619	721092	49515
2021	49515	403486	433608	19393
2022	19393	220053	219741	19705
2023	19705	184227	169273	34659
2024 (30 जून , 2024 तक)	34659	58612	80513	12758

पी. एम. इंडिया पोर्टल पर इंटरैक्ट विद पी एम पहल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की स्थिति- **राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में**

वर्ष	अग्रेणीत शिकायतें	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतें	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतें	वर्ष की समाप्ति पर लंबित शिकायतें
2019	279129	273369	153985	398513
2020	398513	344727	339275	403965
2021	403965	203634	281667	325932
2022	325932	127257	260805	192384
2023	192384	91973	258633	25724
2024 (30 जून, 2024 तक)	25724	46696	46219	26201

****